


## श्रेया घोषाल ने शेयर कीं 6 महीने के बेटे देवयान की प्यारी तस्वीरें

मशहूर प्लेबैक सिंगर श्रेया घोषाल 6 महीने पहले एक प्यारे से बेटे की मां बनी थीं। उन्होंने 22 मई को बेटे को जन्म दिया था और यह गुड न्यूज फैन्स के साथ सोशल मीडिया पर शेयर की थी। अब श्रेया घोषाल का बेटा 6 महीने का हो गया है। श्रेया ने इस मौके पर बेटे देवयान की प्यारी तस्वीरें शेयर की हैं। उन्होंने साथ में बेटे देवयान की तरफ से फैन्स के लिए एक प्यारा नोट भी सोशल मीडिया पर शेयर किया है। श्रेया घोषाल ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर बेटे देवयान की तस्वीरें शेयर कर लिखा है, श्हैलो मेरा नाम देवयान है और मैं आज 6 महीने का हो गया हूं। फिलहाल मैं अपने आसपास की दुनिया को एक्सप्लोर करने में बिजी हूं। अपने फेवरिट गाने सुन रहा हूं। तस्वीरों से भरी किताबें पढ़ रहा हूं। जोक्स पर हंस रहा हूं और मॉम के साथ ढेर सारी बातें कर रहा हूं। मुझे ढेर सारा प्यार और आशीर्वाद देने के लिए आप सभी का बहुत धन्यवाद। श्रेया घोषाल ने इस साल मार्च में अपनी प्रेग्नेंसी की खबर फैन्स के साथ शेयर की थी। सोशल मीडिया पर उन्होंने लिखा था, श्बेबी श्रेयादित्य आने वाला है। शिलादित्य और मैं आप सभी के साथ यह न्यूज शेयर करने में बहुत खुशी महसूस कर रहे हैं।

## कपिल शर्मा ने इस फैन की बेटी के लिए जो किया

अपनी कॉमिडी से सबको हंसाने वाले कपिल शर्मा ने हाल ही एक फैन की बेटी के लिए जो किया है, उसके बाद वह सोशल मीडिया पर छाए हुए हैं। कपिल के इस अंदाज ने फैन्स का दिल जीत लिया है। इस यूजर ने कपिल से रिक्वेस्ट की थी कि उसकी बेटी उनकी फैन है और वह उनके शो द कपिल शर्मा शो को बहुत पसंद करती है। यूजर ने कपिल से रिक्वेस्ट की कि वह उसे और उसकी बेटी को अपने शो में बुला लें। मनीष नाम के यूजर ने ट्विटर पर बेटी के साथ अपनी तस्वीर शेयर कर कपिल शर्मा को टैग करते हुए ट्वीट किया, मेरी बेटी की मुंबई की पहली ट्रिप। वह आपके (कपिल शर्मा) शो को लाइव देखना चाहती है। उसे आपका शो बहुत पसंद है। हम यहां (मुंबई से) 23 नवंबर को सुबह वापस चले जाएंगे। प्लीज कपिल पाजी, उसे और मेरी फैमिली को आपके शो का हिस्सा बनने का एक चांस दें। यूजर को जवाब देते हुए कपिल शर्मा ने लिखा, ब्रदर हम कल (22 नवंबर) को शूटिंग कर रहे हैं। प्लीज मुझे अपना कॉन्टैक्ट भेजें। मेरी टीम का कोई सदस्य आपसे संपर्क कर लेगा और आपके लिए व्यवस्था कर देगा। थैंक यू।

## मेरी जूती के बराबर है शमिता शेट्टी, सामने आ गई तो छोड़ूंगी नहीं




अफसाना खान को पिछले दिनों बिग बॉस ने बाहर कर दिया था और अब उन्होंने शमिता पर धावा बोला है। अफसाना का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें वह शमिता के लिए कह रही हैं, मेरी दुश्मनी अब इतनी गंदी वाली पड़ चुकी है कि वो अब मेरे सामने भी आ जाए ना तो मैं उसे छोड़ने वाली नहीं हूं। वो मेरी जूती के बराबर है। बता दें कि बिग बॉस 15 में अफसाना खान और शमिता शेट्टी का बड़ा झगड़ा हुआ था। लड़ाई इस हद तक बढ़ गई थी कि अफसाना ने खुद को नुकसान पहुंचाने के लिए हाथ में चाकू तक उठा लिया था। बिग बॉस से अफसाना ने कहा था कि या तो वह शो में रहेंगी या फिर शमिता शेट्टी। इस दौरान अफसाना को पैनिक अटैक भी आने लगे थे। तब बिग बॉस ने अफसाना खान को कन्फेशन रूम में बुलाया और वहीं से निष्कासित कर दिया था। अब अफसाना खुलकर सबके सामने आई हैं और मेकर्स से लेकर शमिता शेट्टी तक पर अटैक किया है। सोशल मीडिया पर अफसाना का एक वीडियो वायरल हो रहा है। इसमें वह शमिता के लिए कह रही हैं, मेरे बहुत गंदी वाली दुश्मनी हो चुकी है। मैं जिससे प्यार करती हूं ना दिल से करती हूं।

# स्टारडम को बनाए रखना बहुत मुश्किल है

*अजय देवगन ने साल 1991 में दो मोटरसाइकिल पर सवार होकर बॉलिवुड में डेब्यू किया था। ऐक्शन डायरेक्टर वीरू देवगन के बेटे की फूल और कांटे में एंट्री हुई तो सिनेमाघरों में सीटियां गूंज गईं। बड़े पर्दे पर उसका सुपरस्टार मिला। बीते 30 साल से अजय की एंट्री और फिल्मों पर सिनेमाघरों में सीटियों और तालियों का यह दौर जारी है। इन 30 साल में अजय देवगन ने न सिर्फ ऐक्शन से, बल्कि इमोशनल किरदारों में भी अपने आप को साबित किया। जख्म के लिए उन्हें नैशनल अवॉर्ड मिला। लेकिन आज भी इस सुपरस्टार के दिल के कोने में फूल और कांटे के एंट्री सीन की वो यादें ताजा हैं। अजय कहते हैं, मैं नर्वस था, पेट में गुड़गुड़ी हो रही थी।*

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)



इंडस्ट्री में अपनी पहचान बनाने से ज्यादा मुश्किल है, तीन दशक से उस स्टारडम को बनाए रखना। अजय कहते हैं, आप सही कह रहे हैं। शोबिज में 30 साल तक खुद को बनाए रखना बहुत कठिन है। इसके लिए समय के साथ खुद को बेहतर बनाना और मैच्योरिटी दिखानी जरूरी है। इसके लिए काम के साथ लगातार प्रयोग करना पड़ता है। अपने हर सहयोगी और फिल्म निर्माता से बारीकी सीखने की जरूरत है। यह कभी न खत्म होने वाली प्रक्रिया है। मेरा मतलब कहीं से भी नंबर–1 या नंबर–2 होना नहीं है। मेरे कहने का अर्थ है कि आपको अपनी क्राफ्ट का मकसद खुद ढूंढना होगा।

**पिता के सपने को पूरा करने आया था**

बॉलिवुड में अजय देवगन ने फूल और कांटे से डेब्यू किया था। अजय कहते हैं, सच कहूं तो मुझे ऐक्टर बनाने का सपना मेरे पिता ने देखा था। मैं बस उनके सपने को साकार करने के लिए आया। तब यह नहीं सोचा था कि मैं सक्सेसफुल हो पाऊंगा या नहीं। हां, मैंने उस मौके को लेकर लापरवाह नहीं था। मैंने वही किया जो मुझसे करने को कहा गया था। कोई भी अपने स्टारडम को प्लान नहीं कर सकता है। इसके लिए आपको कड़ी मेहनत करनी होगी।



**मैं तब स्टारडम के लिए तैयार नहीं था**

अजय आगे कहते हैं, जब फूल और कांटे का क्रेज बन गया, तब मैं मुझमें स्टारडम की ललक जगी। तब देश का हर लड़का दो मोटरसाइकिलों पर खड़े होने अपने जीवन की राह बनाना चाहता था। सच तो यह है कि मैं तब मैच्योर नहीं था। यंग था। मैं स्टारडम के लिए तैयार नहीं था। मेरे माता–पिता के आशीर्वाद से, भगवान की कृपा से और इंडस्ट्री के साथ–साथ फैन्स के प्यार ने मुझे एक स्टार बनाया।

**वह सच में पागलपन था**

जब अजय देवगन से पूछा गया कि फूल और कांटे में एंट्री सीन को लेकर 30 साल बाद अब कुछ याद है? ऐक्टर ने कहा, मुझे उस वक्त का अनुभव ठीक–ठीक तो याद नहीं, लेकिन मैं इतना जरूर कह सकता हूं दो मोटरसाइकिलों पर सवार होकर सीन करना पागलपन था। मैं नर्वस था। मेरे पेट पर गुड़गुड़ी हो रही थी। आज भी होती है, जब मैं किसी ऐसे सिचुएशन में होता हूं तो। मुझे याद है कि तब बॉडी डबल नहीं होते थे। ऐक्टर के तौर पर हमें ही सीन को शूट करना होता था। वह मेरे पिता का मुझ पर और मेरे साहस पर भरोसा था। इसलिए वह सीन शूट हो पाया। मैं उस वक्त इंडस्ट्री के लिए कच्चा था, मेरे पिता ने मुझसे जिस तरह के ऐक्शन सीन करवाए, मैं बुरी तरह थक जाता था।

# मैं रुकने वाला नहीं, ये मेरा काम हैः वीर दास



*अमेरिका में दिए अपने विवादित मोनोलॉग के कारण चर्चा में ऐक्टर और कमीडियन वीर दास ने कहा है कि कि व्यंग्य करना उनका काम है और यह काम लगातार करते रहेंगे। वह रुकने वाले नहीं हैं। उन्होंने कहा, श्मेरा काम लोगों को हंसाना है और अगर आपको यह फनी नहीं लगता है तो आप मत हंसिए। वीर दास ने यह बात हाल ही में कही। वीर दास ने बीते दिनों वॉशिंगटन डीसी के जॉन एफ कैनेडी सेंटर में दिए परफॉर्मेंस का एक वीडियो अपने यूट्यूब चैनल पर शेयर किया था।*

मैं दो भारत से आता हूं टाइटल वाले इस वीडियो में वीर दास ने देश में कोरोना से लेकर रेप की घटनाओं तक तमाम समस्याओं को सामने रखा था। लेकिन इस वीडियो पर बवाल मच गया। सोशल मीडिया पर वीर दास की आलोचना होने लगी। उनके बयान को श्भारत विरोधीश बताया जाने लगा। वहीं वीर दास के खिलाफ मुंबई और दिल्ली में भी थाने में शिकायत दर्ज की गई। बाद में वीर दास ने इस मामले पर सोशल मीडिया पर अपना पक्ष रखा था और अब उन्होंने एक बार फिर इस बार इस पर बात की है। दिए इंटरव्यू में वीर दास ने साफ कर दिया है कि वह अपना यह काम आगे भी जारी रखेंगे। उन्होंने कहा, श्मैं यहां अपना काम करने आया हूं और आगे भी करता रहूंगा। मैं नहीं रुकने वाला। मेरा काम लोगों को हंसाना है और अगर आपको फनी नहीं लगता तो आप मत हंसिए।

वीर दास से जब यह पूछा गया कि यह मोनोलॉग लिखने की प्रेरणा कहां से मिली तो उन्होंने जवाब दिया, श्मैं एक शो कर रहा था और वह एकदम फ्लुल था। वो मेरी ऑडियंस थी और बस मैंने एक पीस लिख दिया। मुझे नहीं लगता है कि आप बातचीत के साथ शुरुआत करने की उम्मीद करते हैं। आप बस यही सोचते हैं कि आप मौजूद लोगों को हंसा सकें। वीर दास ने आगे कहा कि भारत में और कॉमिडी क्लब होने की जरूरत है ताकि लोगों को और हंसाया जा सके। प्यार फैलाया जा सके।